अमर उजाला

Wednesday, 15 September 2021

केंविवि, भारतीय प्रबंधन संस्थान में मनाया हिंदी दिवस

जम्मू। केंद्रीय विश्वविद्यालय में मंगलवार को ऑनलाइन मोड से हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीसी प्रो. अशोक अइमा ने की। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंडल के उपाध्यक्ष अनील जोशी मुख्य अतिथि रहे। हिंदी निदेशक ने कार्यक्रम में जुड़े सभी गणमान्य लोगों का स्वागत किया।वीसी अशोक अइमा ने जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय में हो रहे हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार के परिप्रेक्ष्य में चर्चा की। मौके पर हिंदी अनुवादक सतीश प्रसाद समेत अन्य भी मौजूद रहे। वहीं भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू में भी हिंदी हमारी पहचान, हमारा गर्व विषय पर कार्यक्रम करवाया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ छात्राओं ने सरस्वती वंदना के साथ किया। प्रो,मनोज कुमार ने बताया कि हमें अपनी भाषा का भूलना नहीं बल्कि गर्व करना चाहिए। मौके पर प्रो. जुबेर समेत अन्य मौजूद रहे। ब्यूरो